Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

## ➢ जयपुर में पुलिस थाना मुहाना का कांस्टेबल 20,000/– रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, दिनांक 23 जुलाई, 2026। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर जयपुर की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन विंग द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी **नोरत मीणा हाल कानि० 12148 इमरजेंसी रेंसपॉस 112 पुलिस थाना मुहाना, जयपुर दक्षिण, आयुक्तालय जयपुर** को **20,000/– रूपये** की रिश्वत राशि लेते हुए गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** ने बताया कि स्पेशल इन्वेस्टिगेशन विंग जयपुर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि आरोपीगण नोरत मीणा कानि0 12148 व सुरेश चौधरी कानि० 10777 पुलिस थाना मुहाना द्वारा उसके विरूद्ध उसके पडौसी दुकानदार द्वारा की गई शिकायत पर उसके विरूद्ध कार्यवाही करते हुए एससी/एसटी एक्ट का प्रकरण दर्ज करवाने का भय दिखाकर व उसके विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं करने एवं मुहाना मण्डी स्थित उसकी फल सब्जी की दुकान का सामान नहीं उठाने व दुकान निर्बाध व सुचारू रूप से चलने देने की एवज में 50,000/– रूपये की मांग करने के तथ्य प्रकट हुए। जिस पर दिनांक 21.06.2026 को रिश्वत मांग का गोपनीय सत्यापन करवाया गया, दौराने सत्यापन आरोपीगण द्वारा परिवादी से 20,000/– रूपये रिश्वत राशि लिया जाना तय हुआ।

इस पर एसीबी के **उप महानिरीक्षक पुलिस–प्रथम डॉ. रामेश्वर सिंह** के सुपरविजन में एसीबी स्पेशल इन्वेस्टिगेशन विंग जयपुर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री झाबरमल** के नेतृत्व में **पुलिस निरीक्षक श्री बाबूलाल गुर्जर** द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी नोरत मीणा कानि0 12148 इमरजेंसी रैसपोंस 112 पुलिस थाना मुहाना, जयपुर दक्षिण, आयुक्तालय जयपुर को 20,000/– रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपी सुरेश चौधरी कानि. फरार हो गया है, जिसकी तलाश जारी है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव एवं महानिरीक्षक श्रीमती एस. परिमाला** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **टोल फि हैल्पलाईन नं. 1064 एवं व्हाट्सएप हैल्प लाईन नं० 9413502834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी सहायता करेगी।